शिविर में 250 नेत्र रोगियों की जांच

बीकानेर, (कासं)। जिला अंधता निवारण समिति के तत्वावधान में समाजसेवी मोहन लाल थिरानी की पुण्यतिथि पर प्रीति क्लब बीकानेर एवं आचार्य श्री नानेश रोटरी नेत्र चिकित्सालय गंगाशहर व थिरानी परिवार की ओर से जस्सूसर गेट के बाहर कोठारी अस्पताल मार्ग स्थित माहेश्वरी सदन में शनिवार को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 250 से अधिक रोगियों की आंखों की जांच की गई जिनमें चयनित 15 मरीजों का ऑपरेशन रविवार को होगा।

नानेश रोटरी नेत्र चिकित्सालय गंगाशहर के संस्थापक व अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ के पूर्व अध्यक्ष चंपालाल डागा ने बताया कि नानेश रोटरी नेत्र चिकित्सालय गंगाशहर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. आशीष जोशी व उनकी टीम ने जांच की। डॉ. जोशी रविवार अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा पद्धति से बिना किसी टांके व चीरे के ऑपरेशन करेंगे।

प्रीति क्लब के अध्यक्ष गोपी किशन पेड़ीवाल ने बताया कि रोगियों में बीकानेर के आस-पास के गांवों तथा शहर की विभिन्न कॉलोनियों, बस्तियों व मोहल्लों के विभिन्न धर्म मजहब तथा जाति बिरादरी के रोगी शामिल थे। सभी रोगियों की जांच आदि में आचार्य श्री नानेश रोटरी नेत्र चिकित्सालय के स्टॉफ के साथ प्रीति क्लब के करीब 25 सदस्य व पदाधिकारियों ने सेवाएं दी। उन्होंने बताया कि प्रीति क्लब की ओर से 8 सितम्बर से आयोजित नि:शुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर रविवार को संपन्न होगा।

देश विदेश से आये चिकित्सकों ने स्मृतियां व अनुभव साझा किए

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर के 17 वें बैच के स्वर्ण जयंती उत्सव में देश - विदेश से आये चिकित्सकों ने अपनी स्मृतियां और अनुभव साझा किए।

समारोह में कॉलेज के सेवानिवृत वरिष्ठ प्रोफेसर और चिकित्सक डॉ अजीज अहमद सुलेमानी, डॉ मोहम्मद साबिर, डॉ हनुमान सिंह कस्वां को गुरूजन सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ अजीज अहमद सुलेमानी ने शायराना अंदाज में इस मिलन समारोह को यादगार बनाया।

- **सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर के 17 वें बैच का स्वर्ण जयंती समारोह**

स्वर्ण जयंती उत्सव में देश विदेश से आये चिकित्सकों ने कॉलेज के सेवानिवृत वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अजीज सुलेमानी, डॉ मोहम्मद साबिर, डॉ हनुमान कस्वां को गुरूजन सम्मान से सम्मानित किया।

डॉ मोहम्मद साबिर ने कहा कि समय बदल जाता है मगर रिश्ते नहीं बदलते। उन्होंने कहा कि 50 वर्षों का यह रिश्ता अटूट है जो हमेशा कायम रहेगा।

डॉ हनुमान सिंह कस्वां ने अपने सदाबहार चुटकुले सुनाकर हर्षित किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने स्मारिका का लोकार्पण किया। प्रख्यात लघु कथाकार डॉ रामकुमार घोटड़ की पांच विधाओं की पुस्तक 'पंचवर्णी साहित्य' और डॉ गोपाल हांडा की पुस्तक 'क्षणिकाएं' का लोकार्पण भी किया गया। बैच के साथी चिकित्सक मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां उन्होंने ग्रुप फोटो में हिस्सा लिया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ सीताराम गोठवाल ने स्वागत करते हुए बताया कि 50 वर्षों में यह हमारा चौथा मिलन समारोह है। सर्वाधिक बैच मीट आयोजित करने में यह बैच अग्रणी है। उन्होंने बताया कि स्वर्ण जयंती उत्सव में बैच के 112 में से 86 चिकित्सक देश विदेश से पधारे हैं। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सचिव डॉ गणपत सिंह पुरोहित ने 17 वें बैच की स्मृतियां, अनुभव मिलन समारोह के महत्व पर प्रकाश डाला।

सलाहकार डॉ प्रकाश ओझा ने मिलन समारोह का विस्तृत परिचय दिया और धन्यवाद ज्ञापित किया। अमरीका से पधारी डॉ इंदुबाला ने उत्साह से बताया कि कॉलेज में कदम रखते ही 50 साल पुरानी यादें ताजा हो गई। कॉलेज की प्रगति से मन को प्रसन्नता हुइ। कार्यक्रम में इंग्लैंड से डॉ राजेश गुप्ता, यमन से डॉ गिरीश, सहित दुबई, कोलकाता, दिल्ली, गुरूग्राम, जयपुर, पंजाब, हरियाणा से आये चिकित्सक खासे उत्साहित नजर आए।

चिकित्सकों ने नवनिर्मित सी. एम. मूंधड़ा अस्पताल का अवलोकन किया जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। डॉ सीताराम गोठवाल ने बताया कि गणेशम रिसॉर्ट में आयोजित उत्सव में रविवार को प्रात: योगाभ्यास, रन फॉर फन, प्रतिभा परिचय, भावोद्गार के कार्यक्रम के बाद संध्या मधुर स्मृतियों और अनुभवों के साथ साथी चिकित्सक विदा होंगे।

अस्पताल को 5 बेड, स्ट्रेचर भेंट : नोखा गांव में हेल्थ सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल सामने आई है। सुंदरलाल सोनी और विनोद सोनी ने अपने पिता स्व. लिखमचंद सोनी की श्राद्ध पक्ष पुण्यतिथि पर राजकीय चिकित्सालय को हेल्थ उपकरण भेंट किए। दान में दी गई सामग्री में 5 बेड, एक व्हीलचेयर, एक स्ट्रेचर ट्रॉली और दो ग्लूकोस स्टैंड शामिल हैं।

चपरासी भर्ती परीक्षा देने आये युवक की हार्ट-अटैक से मौत

श्रीगंगानगर, (कासं)। चपरासी भर्ती परीक्षा देने आये एक 23 वर्षीय युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह शुक्रवार को पेपर देने के बाद दोस्तों के साथ घर लौट रहा था। सेंटर से 3 किमी दूर एक पार्क के पास पहुंचते ही उसे चक्कर आ गया और वह जमीन पर गिर गया।

युवक के साथ चल रहे दोस्त और आसपास के लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने युवक मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान हनुमानगढ़ संगरिया क्षेत्र के बोलावाली निवासी राकेश कुमार (23) पुत्र हेतराम के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। कोतवाली थानाधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि बोलावाली निवासी राकेश कुमार अपने तीन दोस्तों के साथ श्रीगंगानगर स्थित नोजगे पब्लिक स्कूल परीक्षा केन्द्र पर चपरासी भर्ती परीक्षा देने आया था। परीक्षा देने के बाद चारों युवक दोपहर में कुछ खाने के लिए आदर्श पार्क की तरफ निकले थे। बताया जा रहा है कि सेंटर से करीब 3 किमी दूर होटल या रेहड़ी की ओर जाते समय राकेश को चक्कर आया और वह सड़क पर गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई और 108 एम्बुलेंस को बुलाया गया। युवक को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया जहां मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि प्रथमदृष्टया मौत हार्ट अटैक से होने की आशंका है।

सार-समाचार

सेना ने महाजन में किया महाभ्यास

सेना ने महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में अमोघफ्यूरी महाभ्यास किया।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान के थार मरुस्थल स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (एमएफएफआर) में सप्त शक्ति कमान ने 'अमोघफ्यूरी' नामक इंटीग्रेटेड फायर पावर एक्सरसाइज का सफल आयोजन किया। दिन-रात चले इस इस उच्च तीव्रता वाले फायर पावर एक्सरसाइज में विभिन्न फायरिंग प्लेटफार्मों के बीच बेहतरीन समन्वय और तालमेल प्रदर्शित किया गया। भारतीय सेना ने बहुक्षेत्रीय युद्ध परिदृश्य में अपनी तत्परता दिखाते हुए सैनिकों की त्वरित तैनाती, आक्रामक जमीनी कार्रवाईयों और संयुक्त युद्धक अभियानों का प्रदर्शन किया। अमोघफ्यूरी का उद्देश्य वास्तविक युद्ध परिस्थितियों में सेना की युद्ध क्षमता, समन्वय और परिचालन तैयारियों का परीक्षण करना था। इसमें युद्धक टैंक, इन्फैंट्रीकॉम्बैट वाहन, आक्रमणकारी हेलीकॉप्टर, लम्बी दूरी की क्षमता वाले आर्टिलरी सिस्टम्स, ड्रोन्स तथा सहित अत्याधुनिक हथियार प्रणालियां शामिल रहीं। अभ्यास के दौरान नेटवर्क आधारित संचार, कमान एवं नियंत्रण संरचना तथा वास्तविक समय निगरानी और लक्ष्य साधन प्रणालियों का प्रयोग कर साझा परिचालन चित्रण (कॉमन ऑपरेटिंग पिक्चर) तैयार किया गया, जिसे सभी स्तरों पर सहजता से साझा किया गया। इन क्षमताओं के परीक्षण से आधुनिक युद्ध क्षेत्र में उभरते खतरों का प्रभावी रूप से सामना करने की क्षमता और अधिक सुदृढ़ हुई। अमोघफ्यूरी भारतीय सेना की संयुक्तता, तकनीकी एकीकरण और बहुक्षेत्रीय युद्ध परिदृश्यों में उच्च स्तरीय ऑपरेशनल रेडीनेस का सशक्त प्रमाण है।

गुरूवंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में गुरूजनों का अभिनंदन किया।

बीकानेर, (कासं)। भारत विकास परिषद, बीकाणा इकाई द्वारा आज अधिशा अकादमी विद्यालय, मुक्ता प्रसाद कॉलोनी में परिषद का राष्ट्रीय प्रकल्प गुरूवंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर भारत विकास परिषद, बीकाणा इकाई अध्यक्ष नरेश खत्री (छाबड़ा) ने बताया कि समर्पित गुरू ही सुदृढ़ देश के निर्माता है। अध्यक्ष नरेश खत्री (छाबड़ा) के अनुसार गुरू ज्ञान से ही जीवन में आने वाली समस्याएं दूर होती है। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कोमलदीप और खुशबू ओझा ने सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। पर्यावरण संयोजक कौशलेश गोस्वामी ने बताया कि विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। अधिशा अकादमी विद्यालय प्रधानाध्यापक सुनील कुमार यादव के अनुसार कार्यक्रम में 22 होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही श्रेष्ठ गुरूजनों के रूप में पल्लवी रतावा, अंजू शर्मा, नृत्य शिक्षिका पूजा सेन, राखी कौशिक, मनीषा प्रजापत, पिंकी वर्मा, ज्योति सिंह, मनोज बाना, राजेश प्रजापत, सुमित्रा मीणा आदि गुरूओं का गुरूवंदन विद्यार्थियों के द्वारा चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विशेष प्रतिभा सम्मान में विनोद सैन पुत्र ईदराज सैन का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर अधिशा अकादमी विद्यालय सचिव अमिता यादव ने बीकाणा इकाई के सदस्यों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह के साथ अभिनंदन किया।

नोखा का 98वां स्थापना दिवस मनाया

नोखा, (कासं)। जिले के नोखा में जन सेवा समिति ने नगर के 98वें स्थापना दिवस पर प्रभात फेरी का आयोजन किया। समाजसेवी सुंदर बोथरा, अनिल जैन, नगर पालिका पार्षद आरती संचेती, पार्षद प्रतिनिधि बजरंग तावनिया और गौतम लुणावत ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। बीकानेर रियासत के महाराजा गंगासिंह और नगर संस्थापक चौधरी सुगनचंद पारख के चित्र की सवारी गाजे-बाजे के साथ नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। आदर्श विद्या मंदिर के छात्र विशेष घोष टीम के साथ रैली में शामिल हुए। निजी स्कूलों के हजारों छात्रों ने भी प्रभात फेरी में भाग लिया। छात्रों ने हमारा नोखा स्वच्छ नोखा, हमारा नोखा प्लास्टिक मुक्त नोखा, स्वच्छ नोखा स्वस्थ नोखा, नशा मुक्त नोखा' जैसे संदेश वाली तख्तियां लेकर जनता को जागरूक किया। कटला चौक में महाराजा गंगा सिंह और चौधरी सुगनचंद पारख की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए गए। समिति के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र संचेती के अनुसार, सेठिया धार्मिक भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन नोखा के पूर्व पालिका अध्यक्ष हनुमान पींचा ने किया। और विप्र समाज के राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक ने किया। शिविर प्रभारी मुस्कान संचेती ने बताया कि महिलाओं सहित कुल 51 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई, साधुमार्गी जैन समाज के अध्यक्ष मदन लूणिया, भाजपा अध्यक्ष गंगाराम पांडिया समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

'किसी भी जीव का नाम, अस्तित्व, वैभव राख बनने तक ही रहता है'

बीकानेर, (कासं)। गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, मुनि मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, साध्वी दीपमाली, शंखनिधि के सानिध्य में रविवार को सुबह नौ बजे आसानियों के चौक के सूरज भवन में 'तप, त्याग की संगीत माला' कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर म.सा. ने शनिवार को रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में नियमित प्रवचन में कहा कि किसी भी जीव का नाम, अस्तित्व, वैभव राख बनने तक रहता है। लोग अपने पूर्वजों का भी कुछ पीढ़ी के बाद नाम भूल जाते हैं। जन कल्याणकारी परोपकारी कार्य करने वालों को लोगों के नाम लोग याद रखते है। खरतरगच्छ युवा परिषद के सचिव विक्रम भुगड़ी ने बताया कि साध्वीश्री दीपमाला के 15 दिन की तपस्या के अनुमोदनार्थ आयोजित संगीतमाला में

सुगनजी महाराज के उपासरे में प्रवचन देते मुनि गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर महाराज।

खरतरगच्छ युवा परिषद, महिला परिषद व ज्ञान वाटिका तथा साध्वी के सांसारिक परिजनों के संयुक्त तत्वावधान में होगा। इसमें मुंबई के कलाकार प्रदीप गेगावत व पार्टी प्रस्तुति देगी। रविवार को दोपहर करीब सवा बारह बजे डागा, सेठिया, पारख मोहल्ले के महावीर भवन में सामूहिक दीपक एकासना का आयोजन होगा। इसमें शामिल होने के लिए 100 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने अपना नामांकन करवाया है।

अपहृत बच्चा नाना से बरामद

श्रीगंगानगर,(कासं)। हिन्दुमलकोट पुलिस ने अपहृत किये गए बच्चे को 24 घंटे के भीतर दस्तयाब कर माता-पिता को सौंप दिया। इस मामले में बच्चे के नाना के खिलाफ ही अपहरण का केस दर्ज हुआ था।

हिन्दुमलकोट थाना क्षेत्र के गांव 5 बड़ी कोनी निवासी सुनीता ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में बताया कि उसके 7 साल के बेटे को आरोपी सुखदेव सिंह निवासी रायसिंहनगर स्कूल की छुट्टी के बाद बाइक पर बैठाकर अपहरण कर ले गया। आरोपी सुखदेव सिंह परिवादिया सुनीता का पिता है। इस तरह नाना पर ही अपने दोहिते के अपहरण का आरोप लगा। मामले की जांच एएसआई हरबंश सिंह को सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार आरोपी बच्चे को लेकर घर नहीं गया और पुलिस से बचने के लिए इधर-उधर छिपता रहा। पुलिस ने बच्चे को सकुशल ढूंढ़ लिया और माता-पिता को सौंप दिया गया। आरोपी सुखदेव सिंह से पुलिस पूछताछ कर रही है।

रोडवेज ने परीक्षार्थियों के लिए चलाई स्पेशल

बीकानेर,(कासं)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने यहां आयोजित चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा के अवसर पर परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए स्पेशल बसों का संचालन किया।

इस व्यवस्था से हजारों परीक्षार्थियों को राहत मिली और वे समय पर अपने परीक्षा केन्द्रों तक पहुंच सके। बीकानेर आगार की मुख्य प्रबंधक इंदिरा गोदारा ने बताया कि निगम ने उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग करते हुए परीक्षार्थियों को निशुल्क बस सफर उपलब्ध करवाया। अधिकांश रूट्स पर बसें चलाई गई ताकि दूर-दराज के इलाकों से आने वाले विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो सकें। परीक्षा दो पारी (सुबह और दोपहर) में आयोजित हुई थी।

ऐसे में सुबह से ही रोडवेज परिसर में परीक्षार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। बसों की स्पेशल व्यवस्था के बावजूद अधिक भीड़ के कारण अव्यवस्था और

- **निशुल्क बस सेवा की इस पहल की छात्रों और अभिभावकों ने सराहना की**

धक्का-मुक्की जैसे हालात भी देखने को मिले। कई परीक्षार्थियों ने समय रहते बस न मिलने पर चिंता जताई। वहीं कई को बसों में सीट न मिलने की परेशानी झेलनी पड़ी। रोडवेज प्रशासन का कहना है कि उपलब्ध संसाधनों के साथ अधिकतम प्रयास किए गए ताकि सभी परीक्षार्थियों को समय पर उनके परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाया जा सके। निशुल्क बस सेवा की इस पहल की छात्रों और अभिभावकों ने सराहना की, लेकिन भीड़ प्रबंधन को लेकर सवाल भी उठे। शहर में दिनभर परीक्षार्थियों और उनके परिजनों की आवाजाही से सड़कों पर चहल-पहल रही।

जम्मूतवी ट्रेन का समय बदलने की मांग

सूरतगढ़, (कासं)। उत्तर- पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल द्वारा गाड़ी संख्या 14804 (जम्मूतवी-भगत की कोठी एक्सप्रेस) के समय को दोपहर से रात में बदलने के फैसले ने सूरतगढ़ में व्यापारियों और यात्रियों में रोष पैदा कर दिया है।

इस बदलाव के विरोध में नागरिक संघर्ष समिति के संयोजक कामरेड लक्ष्मण शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने शनिवार को सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने स्टेशन अधीक्षक हरिशंकर त्यागी को ज्ञापन सौंपकर ट्रेन का समय पुन: दोपहर में करने की मांग की और चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर आंदोलन किया जायेगा।

संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष घनश्याम दास आहूजा ने बीकानेर मंडल के डीआरएम से फोन पर बात कर कड़ा रूख अपनाते हुए कहा कि यदि ट्रेन का पहले वाला समय नहीं किया गया तो सभी व्यापारिक संगठन मिलकर शहर बंद करेंगे।

रेलवे ने जून 2025 में इस ट्रेन का नंबर 19226 से बदलकर 14804 किया और समय को रात में शिफ्ट कर दिया। पहले जम्मूतवी से रात 9 बजे चलने वाली ट्रेन अब सुबह 8:40 बजे रवाना होती है, जिससे सूरतगढ़ में इसका आगमन रात को हो रहा है। यह बदलाव एलएचबी कोच और परिचालन सुधार के लिए किया गया, लेकिन स्थानीय यात्रियों और व्यापारियों को असुविधा हो रही है।

बीकानेर कैनाल में राज. को तय हिस्से का पूरा पानी नहीं मिल रहा

श्रीगंगानगर, (कासं)। पंजाब में हरिके पर इन दिनों करीब 1,50,000 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। ऐसे में हरिके बैराज को बचाने के लिए पाकिस्तान की तरफ गेट खोल पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन पौंड लेवल कम होने के कारण फिरोजपुर फीडर में भी पानी का प्रवाह नहीं हो पा रहा है। इस कारण बीकानेर कैनाल में राजस्थान को तय हिस्से का भी पूरा पानी नहीं मिल पा रहा है।

गंगनहर क्षेत्र के किसानों ने कलेक्टर से मिलकर रबी फसलों की बुवाई के लिए 3,000 क्यूसेक पानी देने की मांग रखी। हरिके बैराज पर बांधों व सतलुज के कैचमेंट एरिया से करीब 1.50 लाख क्यूसेक पानी की

- **पंजाब में हरिके बैराज पर पानी की आवक अधिक होने से पौंड मेंटेन करने में आ रही है दिक्कत**

आवक हो रही है। पंजाब के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पंजाब व हिमाचल प्रदेश में बारिश अधिक होने के कारण पानी की आवक जारी है। पानी की अधिक आवक होने के कारण हरिके बैराज का पौंड लेवल कम रखा जा रहा है ताकि बैराज को कोई नुकसान नहीं हो। ऐसे में पानी की व्यापक उपलब्धता के बावजूद फिरोजपुर फीडर के जरिए बीकानेर कैनाल में राजस्थान के तय हिस्से का पानी नहीं मिल पा रहा है।

बीकानेर कैनाल में आरडी 45 से 20 सितंबर तक पानी का हिस्सा 2,500 क्यूसेक है, लेकिन इन दिनों सिर्फ 1,500 क्यूसेक ही पानी मिल रहा है। ऐसे में किसानों को आगामी रबी फसलों की बुवाई की चिंता सताने लगी है। शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधि गुरबल पाल सिंह संधू, मनिंदर मान, अमरसिंह बिश्नोई, मोहनसिंह, विरेंद्र सिंह, बलराज सिंह, विनोद जाखड़, लखवीर सिंह व राणा सोढी आदि कलेक्टर से मिले तथा बताया कि आगामी रबी फसलों की बुवाई शुरू होने वाली है।

ससुर से परेशान महिला ट्रेन के आगे कूदी

श्रीगंगानगर, (कासं)। ससुर की हरकतों से परेशान होकर एक महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। मृतका के बेटे ने इसे लेकर लालगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच कर रही है। मामला पास के एक गांव का बताया जा रहा है। मृतका के बेटे ने पुलिस को बताया कि उसके पिता का कुछ समय पहले निधन हो गया था। परिवादी के अनुसार पिता के निधन के बाद दादा ने उसकी मां को परेशान करना शुरू कर दिया।

इसे लेकर मई में भी परिवाद दिया गया। मामला थाने में पहुंचने पर दादा ने माफी मांग ली लेकिन फिर से तंग करने लगा। परेशान होकर उसकी मां ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी।

गोचर-ओरण संरक्षण संघ की बैठक में आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा

बीकानेर, (कासं)। उदयरामसर स्थित श्रीमुरली मनोहर धोरे पर गोचर ओरण संरक्षक संघ राजस्थान की मीटिंग का आयोजन किया गया। कल गोचर-ओरण बचाओ महाअभियान के तहत हुए जन आंदोलन व धरना प्रदर्शन के बाद समिति ने कुछ नए आयोजन करने के फैसले लिए।

आंदोलन समिति के संयोजक शिव गहलोत ने बताया कि गोचर भूमि को बचाने के लिए हमारे कार्यकर्ता घर-घर जाकर आपत्ति प्रारूप पर जनता से उनके मोबाइल नंबर सहित हस्ताक्षर करवायेंगे। उन्होंने बताया कि अब हमारी समिति का लक्ष्य बीडीए के समक्ष पूरे जिले से 1 लाख आपत्तियां दर्ज करवाने का है।

इस अवसर पर कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी। संत नवलरामजी ने युवाओं के समक्ष गाय की हमारे जीवन में महती भूमिका

गोचर ओरण संरक्षण संघ की बैठक में आगामी आंदोलन की रणनीति तय की जिसमें एक लाख आपत्तियों पर हस्ताक्षर करवाकर सौंपा जायेगा।

बताई। सभा में सभी ने एकमत सहमत होकर यह भी निर्णय लिया कि मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल बीडीए कमिश्नर से मिलकर आपत्ति दर्ज करवाने की अंतिम तारीख को आगे बढ़ाने की मांग रखेगा। इस अवसर पर उपस्थित रहने वाली संस्थाएं खाटूश्याम गौसेवा समिति, जय गौमाता सेवा समिति, युवा गौसेवा समिति, जीव रक्षा दल, वंदे गौमातरम् समिति, बाल गोपाल समिति, परमार्थ सेवा समिति, बीकाणा एनिमल रेस्क्यू समिति, गोकुल धाम सेवा समिति है। इस अवसर पर उदयरामसर सरपंच प्रतिनिधि हेमंत यादव, कैलाश सोलंकी, योगेश गहलोत, मनोज सेवग, सूरज प्रकाश राव, सूरजमाल सिंह नीमराना, गणेश दान चारण मौजूद थे।

- **गोचर भूमि को बचाने के लिए हमारे कार्यकर्ता घर-घर जाकर आपत्ति प्रारूप पर जनता से उनके मोबाइल नंबर सहित हस्ताक्षर करवायेंगे**

फिरौती मांगने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन की दुकान के संचालक को धमकी देकर 50 लाख रुपए की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रणदीप सिंह उर्फ विक्की उर्फ दीपू (22) निवासी अबोहर के तौर पर हुई है। गौरतलब है कि मोबाइल फोन विक्रेता के पास फिरौती के लिए वाट्सएप नंबर से कॉल आई थी। 5 सितंबर को मोबाइल शॉप पर दो लोग आए। इनमें से एक व्यक्ति ने पगड़ी बांध रखी थी। दोनों आरोपी कुछ समय के लिए दुकान पर रूके।

इसी दौरान एक व्यक्ति ने परिवादी को पिस्तौल दिखाया और फिर दुकान से निकल गए। इस पर परिवादी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच बस अड्डा चौकी प्रभारी एएसआई स्वर्ण सिंह को सौंपी। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और मुखबिरों की सूचनाओं के जरिए दुकान में आने वाले आरोपी की पहचान कर ली। अब एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। कार्रवाई करने वाली टीम में थाना प्रभारी पृथ्वीपाल सिंह, कांस्टेबल रामप्रताप, ओमप्रकाश, लेखराम, सुनील कुमार, नरेन्द्र कुमार शामिल थे।

पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने भेष बदल लिया था। परिवादी की दुकान पर पिस्तौल लेकर आते वक्त आरोपी रणदीप सिंह ने पगड़ी लगा रखी थी। इसके बाद पुलिस को चकमा देने के लिए भेष बदलकर पगड़ी उतारकर रहने लगा। पुलिस से बचने के लिए ट्रकों पर खलासी की नौकरी करने चला गया और लगातार जगह बदलता रहा।

विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश (पश्चिम) जयपुर महानगर द्वितीय
श्रीमती अरशिया वानो **विरुद्ध** आमिन खॉन
वाद शीर्षक .....
वाद सं. 313/ सन् 2025
बनाम आमिन खॉन पुत्र रसीद खॉन जाति मुसलमान उम्र 44 वर्ष स्थान वार्ड नं. 07, कायमखानी बास, भादरा, जिला हनुमानगढ़ राज. 22501 में आपके विरुद्ध .....के लिये वाद पंजीयत किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 3 माह 10 सन् 25 को दिन में 10 AM to 5 PM बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद तारीख 18 माह 9 सन 25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
रीडर
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट (पश्चिम)
जयपुर महानगर द्वितीय
गोल मोहर